Our pride; empowered child.

वी. एन्ड सी. पटेल इंग्लिश स्कूल

अर्धवार्षिक परीक्षा

दिनांक : १८-९-१७ पूर्णांक-८०

समय : ३ घण्टा कक्षा – ६ विषय : हिन्दी

निर्देश : १. सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है ? २. उत्तर स्वच्छ अक्षरों में लिखिए ।

पठन विभाग

प्र-१ निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढिए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए । ५

शिष्टाचार में सबसे पहले विनम्रता आती है । हमारी वाणी में, व्यवहार में विनम्रता घुली होनी चाहिए । इसीलिए बडो के बुलाने पर 'हाँ' या 'नहीं' न कहकर 'जी हाँ' या 'जी नहीं' कहना चाहिए । किसी बात का उत्तर ऐसे नहीं देना चाहिए कि सुननेवाले को ऐसा लगे जैसे लट्ठ मारा जा रहा हे । वाणी में कटुता नहीं होनी चाहिए । विनम्रता केवल बड़ो के प्रति ही नहीं होती । बराबरवालों और अपने से छोटों के प्रति भी नम्रता और स्नेह का भाव होना चाहिए । विनम्रता केवल भाषा में हीं नहीं, हमारे कर्म में भी होनी चाहिए । अपने यहाँ किसी के आने पर हमें प्रसन्नता से उसका स्वागत और यथोचित सत्कार करना चाहिए ।

प्रश्नो :

१. शिष्टाचार में सबसे पहले कौन-सी बात आती है ?
२. विनम्रता किसमें घुली होनी चाहिए ?
३. बराबरवालों और अपने से छोटों के प्रति कैसा व्यवहार करना चाहिए ?
४. किस बात का उत्तर कैसे देना चाहिए ?
५. इस गद्यखंड का उचित शीर्षक दीजिए ।

व्याकरण विभाग

प्र-२ संज्ञा किसे कहते है ? निम्नवाक्यों में संज्ञा का प्रकार बताइए । ४

१. आज मैं बहुत खुश हूँ । २. नरेन्द्र मोदी भारत के प्रधानमंत्री है ।
३. मेरा घर विद्यालय से दूर है ।

प्र-३ सर्वनाम किसे कहते है ? उसके कितने भेद है ? २

प्र-४ क्रिया किसे कहते है ? अकर्मक क्रिया तथा सकर्मक क्रिया को उदाहरण सहित समझाइए । ४

प्र-५ नीचे दिए गए वाक्यों में रेखांकित शब्द से विशेषण का प्रकार बताइए । ४

१. दो किलो चीनी चाहिए । २. यह पुस्तक रख दो ।
३. सैनिक वीर होते है । ४. आज कम छात्र ही उपस्थित हुए ।

पीछे

प्र-६ अ. निम्नलिखित विषयो में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए । २

१. बारिश की एक शाम   २. मेरा बचपन

ब. निम्न शब्दों के विलोम शब्द दीजिए । २

१. राजा   २. अर्थ   ३. स्वर्ग   ४. अनाथ

क. निम्न शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए । २

१. सोना   २. आकाश   ३. नौकर   ४. ईश्वर

ड. निम्न शब्दों से के लिए एक शब्द दीजिए । २

१. शिक्षा देनेवाला   २. काम से जी चुरानेवाला

इ. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ देते हुए वाक्य बनाइए । २

१. आग लगाना   २. छाती पर साँप लोटना

प्र-७ व्यंजन के प्रकार बताइए । १

प्र-८ अर्थ के आधार पर शब्द के कितने भेद है ? कौन-कौन से ? १

प्र-९ निम्नांकित वाक्यों में रेखांकित चिह्न का नाम बताइए । १

१. हे प्रभु ,_मेरी पीडा हरो ।   २. वाह ! क्या बात है ।

प्र-१० भाषा के कितने रूप है ? कौन-कौन से ? १

प्र-११ पढ़ाई का महत्व समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए । ४

अथवा

मामा के विवाह पर मित्र को आमंत्रण पर लिखिए ।

साहित्य विभाग (गद्य विभाग)

प्र-१२ अ. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । ६

१. धरती का अस्तित्व कब से है ?
२. केशव के चेहरे का रंग क्यों उड गया ?
३. 'पार नजर के' पाठ में कौन-से ग्रह की बात की गई है ?
४. 'ऐसे-ऐसे' पाठ के लेखक का नाम लिखिए ।
५. पिताजीने वैद्यजी को भेंट में कितने रूपये दिए ?
६. डोक्टरने लेखिका (कृष्णा सोबती) को क्या आश्वासन दिया ?

ब. निम्न प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए । (कोई तीन) ६

१. मोहन पेट दर्द का बहाना क्यों बनाता है ?
२. छोटू की माँ छोटू से क्यों नाराज थी ?
३. अक्षरों की खोज मनुष्य की सबसे बड़ी खोज है : कैसे ?
४. 'नादान दोस्त' पाठ से क्या संदेश मिलता है ?

क. निम्न शब्दों के अर्थ लिखिए । ३

१. सीने २. दुरूस्त ३. मंशा
४. लिपि ५. द्योतक ६. सत्यानाश

पद्य विभाग

प्र-१३ अ. सप्रसंग व्याख्या कीजिए । ५

"अपनी पोशाक को फैलाए हुए चारों सिम्त ।
आप कुछ तिरछे नजर आते हैं जाने कैसे खूब है गोकि !
वाह, जी वाह !
हमको बुद्धु ही निरा समझा है !
हम समझते ही नही जैसे कि
आपको बिमारी है ।

ब. सही जोड़ मिलान कीजिए । ५

अ	ब
१. ऐसे-ऐसे	१. कविता
२. अक्षरों का महत्व	२. कहानी
३. पार नजर के	३. गीत
४. चाँद से थोड़ी-सी गप्पें	४. एकांकी
५. साथी हाथ बढ़ाना	५. गुणाकर मुले

प्र-१४ अ. निम्न प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए । ६

१. इंसान चाहे तो क्या कर सकता है ?
२. चाँद से गप्पें कौन लडा रहा है ?
३. चिडिया को किससे प्यार है ?
४. चाँद ने किसको अपना पोशाक बनाया है ?
५. चिडिया के पंख कैसे है ?
६. हमे महेनत से क्यों नहीं डरना चाहिए ?

ब. निम्न प्रश्नों के संक्षिप्त में उत्तर लिखिए । (कोई चार) ८

१. मिल जुलकर काम करने से क्या लाभ है ?
२. चाँद को कौन-सा रोग है ? लड़की उसे असाध्य क्यों कहती है ?
३. चिड़िया के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहता है ?
४. लडकी खुद को बुद्धु समझने से क्यों मना करती है ?
५. साथी हाथ बढाना कविता हमे क्या प्रेरणा देती है ?

प्र-१५ नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए । ४

१. मेरा प्रिय खेल २. रक्षाबंधन